द्वितीय संकलनात्मक मूल्यांकन : मार्च - 2025

विषय : हिंदी **कक्षा : आठवीं** **अंक : 50** **समय : 1:30 घंटे**

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गए हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए: **4 × 1 = 4**

1. 'बहुत' शब्द का विलोम शब्द है -

   (A) विपुल (B) ज्यादा (C) कम (D) अधिक

2. चंपा से रहा न गया । वाक्य में संज्ञा शब्द है -

   (A) चंपा (B) से रहा (C) न (D) गया

3. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है -

   (A) गोली (B) लाठी (C) रोटी (D) छुट्टियाँ

4. 'चलना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है -

   (A) चल (B) चलवाना (C) चलाना (D) चला

II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए: 3 × 1= 3

5. कन्नड़ का पहला समाचार पत्र : मंगलूरू समाचार :: हिंदी का पहला समाचार पत्र :......................
6. बैसाखी : पंजाब :: विशु :........................
7. शिशु ने रो-रोकर : हँसना सीखा :: शिशु ने लघु होकर :........................

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : **4 × 1 = 4**

8. दूध में भोलू को क्या दिखाई दिये ?
9. गांधी जी ने पिता से क्या माँगी ?
10. लोग किसे अपनी छाती से लगाये घूमते हैं ?
11. फूल सदा कैसे रहते हैं ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : **5 × 2 = 10**

12. युद्ध भूमि को जाते हुए पुत्र के सिर पर हाथ रखकर माँ ने क्या आशीर्वाद दिया ?
13. तिम्मक्का ने बरगद के डालों को कैसे पाला-पोसा ?
14. बीरबल के अनुसार घोड़े के मालिक की दो शर्तें क्या थीं ?
15. पेड़ से गिरे सेब को देखकर न्यूटन ने क्या सोचा ?
16. "एक रहे सद्भाव रखें हम" - इस पर आप क्या सोचते हैं ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : **4 × 3 = 12**

17. वर्षा कब होती है ?

18. बंदर ने रोटी का बँटवारा कैसे किया ?

19. संतुलित आहार का मतलब क्या है ?

20. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

ऐसी बानी बोलिए, मन का आपा खोय।
औरन को सीतल करै, आपहुँ सीतल होय।।

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छ: वाक्यों में लिखिए : **2 × 4 = 8**

21. मकर संक्रांति त्योहार कब और कैसे मनाया जाता है ?

अथवा

रमजान मुसलमानों का पवित्र त्योहार है। सोदाहरण बताइए।

22. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए:

फूल सदा ....
....
....
....
....
.... सुरभित करते हैं।

VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **4 × 1 = 4**

23. विवेकानंद रोज व्यायाम करते थे। इसलिए उनका शरीर स्वस्थ और सुंदर था। उनकी बुद्धि प्रखर थी। वे मृदुभाषी थे। बचपन से ही उनका झुकाव धर्म और दर्शन की ओर था। भगवद्गीता उनकी प्रिय पुस्तक थी, जिसे वे रोज पढ़ते थे। ईश्वर को देखने की प्रबल आकांक्षा बचपन से ही उनके मन में थी। विवेकानंद के अनुसार नास्तिक वह है जो अपने ऊपर विश्वास नहीं करता।

(अ) विवेकानंद रोज क्या करते थे ? (आ) विवेकानंद का शरीर कैसा था ?

(इ) उनकी प्रिय पुस्तक कौन सी थी ? (ई) विवेकानंद के अनुसार नास्तिक कौन है ?

VIII. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : **1 × 5 = 5**

24. कोई कारण देखकर तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए।

अथवा

पढ़ाई की प्रगति के बारे में बताते हुए अपनी माता जी के नाम पत्र लिखिए।

****